11.10.2022

प्रेस विज्ञप्ति

मर्चेन्ट चैम्बर एवं कानपुर यूनिवर्सिटी का मेन्टरषिप कान्क्लेव

आज दिनांक 11.10.2022 को मर्चेन्ट्स चैम्बर आफ उत्तर प्रदेश एवं छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में कानपुर स्टार्टअप मेन्टरशिप एण्ड कैपेसिटी बिल्डिंग कान्क्लेव प्रातः 11:00 बजे डा. गौरहरि सिंघानिया कांफ्रेस हाल में आयोजित की गई।

सत्र की शुरूआत करते हुये मर्चेन्ट चैम्बर के अध्यक्ष- श्री अतुल कानोडिया जी ने बताया कि मर्चेन्ट्स चैम्बर एवं कानपुर यूनिवर्सिटी के मध्य एक एम.ओ.यू. हुआ था, जिसका उद्देश्य कानपुर में स्टार्टअप प्रोग्राम को बढ़ाते हुये कानपुर के गौरवशाली इतिहास को वापस लाने हेतु किया गया था, इसी कड़ी में आज मर्चेन्ट चैम्बर की स्टार्ट-अप कमेटी द्वारा एक मेन्टरशिप कान्क्लेव आयोजित किया गया।

सत्र के प्रारम्भ में अभिषेक तिवारी, एडवाइजर, केपीएमजी इन्डिया, उत्तर प्रदेश सरकार ने स्टार्ट-अप के लिये अनुकूल नीति वातावरण बनाने और उभरते तकनीकी क्षेत्रों में राज्य के निवेश को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि स्टार्टअप पालिसी फिर से बनायी जा रही है, इसके लिये startinup.up.gov.in पर रजिस्टर्ड कर सकते है। वर्तमान में राष्ट्रीय स्तर पर 50 हजार एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर 1 लाख से अधिक स्टार्टअप है। स्टार्टअप को सरकारी खरीद में प्रोत्साहन दिया जायेगा, जिसके लिये 100 करोड़ के फंड की स्थापना की गई है। इसी कड़ी में श्रीजेश नायर, प्रोग्राम मैनेजर, स्टार्टअप माइक्रोसाफ्ट ने एक्सेलेरेटर और स्टार्टप इन्क्यूबेशन प्रोग्राम जो **Apec or Sea** बाजारों में डीप टेक स्टार्टअप का समर्थन करने की बात कही। इस दौरान कई श्रोताओं ने स्टार्टअप सम्बन्धी कई प्रश्न भी पूछे। इसके पश्चात् राहुल मिश्रा, साईबर सुरक्षा सलाहकार, यू पी पुलिस ने सामाजिक व्यापार एवं कई महत्वपूर्ण साइबर अपराध से जुड़ने मामलों में बारे बताया तथा उनसे बचाव के तरीके भी बताये।

श्री सचिन साहनी, संस्थापक, कीरोस, ग्लैमर एण्ड हेल्थ जोन ने स्टार्टअप के लिये आवश्यकता, गुणवत्ता एंव समाधान पर बल दिया।

सत्र के आखिरी सत्र में सुधीन्द्र जैन, काउंसिल मेम्बर, मर्चेन्ट्स चैम्बर ने एकाउण्ट्स सम्बन्धी विषयों को विस्तार से बताया।

मंच का संचालन शिवांश मेहरा, वाइस चेयरमैन, आर्बिट्रेशन कमेटी, मर्चेन्ट चैम्बर ने किया।

इस दौरान आकाश गोयनका, चन्द्र शेखर द्विवेदी, बासू जैन, कमल रहेजा, डा0 जय प्रकाश, सार्थक चुग, सहस्त्रांशु अग्रवाल, विजय पाण्डे, अनिल कुमार सक्सेना, राजीव मेहरोत्रा, डा0 आरती गुप्ता, मानसी लोहिया, प्रिया रहेजा, सीमा लाहोटी, रवीन्द्र दुबे एवं मर्चेन्ट चैम्बर के सचिव- महेन्द्र नाथ मोदी के अलावा स्टार्टअप कमेटी के सदस्य एवं कानपुर यूनिवर्सिटी के कई छात्र/ छात्रायें उपस्थित रहे।